<u>राजस्थान सरकार</u>

## आयुक्तालय कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांक : एफ 8(युवा महोत्सव)एनएसएस/2019/452 दिनांकः 12-12-19

प्राचार्य,
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
उदयपुर/बीकानेर/कोटा संभाग

विषय :– HR Conclave मे सहभागिता एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के 150वें जयन्ती वर्ष के उपलक्ष्य में गांधी जी की पुण्यतिथि दिनांक 30 जनवरी 2020 को आयोजित होने वाले युवा महोत्सव कार्यक्रम हेतु दिनांक 17.12.2019 को प्राचार्यो की बैठक के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि होटल क्लार्क आमेर, जयपुर में एक HR Conclave का आयोजन दिनांक 16 एवं 17 दिसम्बर 2019 को किया जा रहा है। इस हेतु संयुक्त निदेशक (रूसा) की ओर से भी निर्देश जारी किये जा चुके हैं। इस Conclave में प्राचार्यो को संस्था व छात्रों के उत्थान के लिए कम्पनी के साथ मिलकर कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। Conclave का शुभारम्भ माननीय मुख्यमंत्री के कर कमलों से माननीय उच्च शिक्षा मंत्री व माननीय तकनीकी व संस्कृत शिक्षा मंत्री के सान्निध्य में किया जायेगा। इस कार्यक्रम में उदयपुर, बीकानेर व कोटा संभाग के समस्त प्राचार्य निर्धारित स्थल पर दिनांक 17.12.2019 को एक दिन के लिए प्रातः 9.30 बजे अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

इसके अतिरिक्त राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के 150वें जयन्ती वर्ष के उपलक्ष्य में गांधी जी की पुण्यतिथि दिनांक 30 जनवरी 2020 को जयपुर स्थित एस.एम.एस. स्टेडियम में **"युवा महोत्सव"** का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रदेश भर के राजकीय/निजी महाविद्यालयों में संचालित एन.एस.एस./एन.सी.सी./स्काउट एण्ड गाईड के छात्र/छात्रायें भाग लेगे। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु अद्योहस्ताक्षरकर्त्ता की अध्यक्षता में दिनांक 17.12.2019 को सांय 3.00 बजे होटल क्लार्क आमेर, जयपुर में बैठक आयोजित की जायेगी। अतः उक्त सभी राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यो को निर्देशित किया जाता है कि वे बैठक में निर्धारित समय पर आवश्यक रूप से उपस्थित हों।

**प्रदीप कुमार बोरड, IAS,**
**आयुक्त, कॉलेज शिक्षा एवं**
**विशिष्ठ शासन सचिव, उच्च शिक्षा,**
**राजस्थान जयपुर**

क्रमांक : एफ 8(युवा महोत्सव)एनएसएस/2019/452 दिनांकः 12-12-19

प्रतिलिपि :– सूचनार्थ/पालनार्थ

1. प्राचार्य समस्त राजकीय महाविद्यालय, उदयपुर/बीकानेर/कोटा संभाग
2. केयर टेकर, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राज., जयपुर।
3. वेब प्रभारी संबंधित को ई–मेल करने हेतु।
4. रक्षित पत्रावली।

12.12.19

**(डॉ. बनय सिंह)**
**समन्वयक,**
युवा कौशल विकास प्रकोष्ठ